जगदीश हेमनानी अध्यक्ष बने

गंगापुर सिटी । पूज्य सिन्धी समाज सेवा समिति की द्विवार्षिक चुनाव बैठक एक होटल में हुई। इस दौरान समिति के नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल और साईं पुरसनारायण साहिब के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अध्यक्ष पद के लिए जगदीश हैमनानी का एकमात्र नामांकन प्राप्त होने के कारण उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

उपाध्यक्ष पद पर राजकुमार अरोड़ा भी निर्विरोध विजयी हुए। सचिव पद के लिए सुरेश लखवानी और नरेश हेमनानी के बीच मतदान हुआ, जिसमें सुरेश लखवानी ने जीत हासिल की। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद, नवनिर्वाचित अध्यक्ष जगदीश हेमनानी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

हरिद्वार से निकली दिव्य अमृत कलश रथयात्रा

■ राष्ट्रीय जागरण, मानव कल्याण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है उद्देश्य

गंगापुर सिटी । हरिद्वार से शुरू हुई दिव्य अमृत कलश रथयात्रा मंगलवार को गंगापुर सिटी पहुंची। टोडाभीम क्षेत्र से होते हुए शहर में प्रवेश करने पर स्थानीय निवासियों ने इसका गर्मजोशी से स्वागत किया। यह यात्रा अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय जागरण, मानव कल्याण, दुष्प्रवृत्तियों का उन्मूलन और विचार परिष्कार का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। गंगापुर सिटी में रथयात्रा ने दयाल नगर से अपनी यात्रा का शुभारंभ किया। यह मिर्जापुर, बाइपास सैनिक नगर, कर्मचारी कॉलोनी, आदर्श नगर, उदेई मोड़, खाटू श्याम मंदिर, शंकर मील, नहर रोड और भारत मील होते हुए कचहरी रोड पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का भव्य स्वागत किया।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। "गायत्री मंत्र" और वंदे मातरम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शहर में रथयात्रा के प्रवेश पर लोगों में भारी उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।गायत्री परिवार से जुड़े सोमराज प्रजापति ने बताया कि शाम को दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद रथयात्रा का रात्रि विश्राम महुंकला स्थित जगन बाई मीणा के निवास पर निर्धारित किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के सफल आयोजन में गायत्री परिवार गंगापुर सिटी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

खेल साम्रगी पाकर बच्चे खुश

गंगापुर सिटी । महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय संख्या 3 में मंगलवार को खेलो इंडिया ताइक्वांडो किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को खेल सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका चेयरपर्सन गीता देवी नरूका, विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रतिभा और खेलो इंडिया ताइक्वांडो कोच निशांत सिंह नरूका मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को ताइक्वांडो किट प्रदान की । वक्ताओं ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता का माध्यम हैं, बल्कि यह आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं।

गंगापुर सिटी में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरु

■ अस्थायी अतिक्रमण के तहत सामान जप्त

गंगापुर सिटी । नगर परिषद के द्वारा मंगलवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। उप जिला कलेक्टर बृजेन्द्र मीना के आदेशों की पालना में नगर निकाय क्षेत्र में दुकानदारों, ठेले, रेहडी वालें के द्वारा फुटपाथ व आम रास्ते पर अस्थाई अतिक्रमण किया हुआ था। दुकानदारो द्वारा अस्थाई अतिक्रमण होने के कारण आवागमन में परेशानी व वाहनो के जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उक्त अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिये नगर परिषद की टीम द्वारा फब्बारा चौक से लेकर उदेईमोड, व सालौदा सर्किल तथा कचहरी रोड होते हुये रेल्वे स्टेशन के रास्ते में हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया व भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने हेतु चेतावनी दी गई। उक्त अभियान के दौरान पिन्टूराम मीना स्वास्थ्य निरीक्षक, कमलेश कार्यवाहक सफाई इंचार्ज, विकास कार्यवाहक सफाई इंचार्ज, पप्पू कार्यवाहक जमादार, जगदीशप्रसाद होमगार्ड राजेन्द्र कुमार होमगार्ड राजेन्द्र नरवाल अस्थाई सफाई कर्मचारी व अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। आवारा गौवंश को नगर परिषद ने पकड कर छोडा गौशालाओ में नगर निकाय क्षेत्र में आवारा गौवंश व नंदीयों को पकडने का अभियान चलाया गया। नगर परिषद क्षेत्र के व्यस्त मुख्य मार्गो में विचरण कर रहे आवारा गौवंश व नंदीयों के कारण दुर्घटना, जाम, आदि की स्थिति को ध्यान में रखते हुये ऑवारा गौवंश व नंदीयों को पकडकर नहर रोड स्थित गोपाल गौशाला में भेजा गया। उक्त आवारा जानवरों को पकडने के अभियान का नेतृत्व श्री पिन्टूराम मीन स्वास्थ्य निरीक्षक व टीम द्वारा चला कर अभियान को सफल बनाया गया।

कार्यशाला आयोजित

गंगापुर सिटी । लाडो प्रोत्साहन योजना पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल गंगापुर सिटी में यह कार्यशाला गंगापुर और बामनवास ब्लॉक के सभी पीईईओ एवं यूसीईईओ के लिए थी। कार्यशाला में डाइट सवाई माधोपुर द्वारा नियुक्त संदर्भ व्यक्ति विजयसिंह गुर्जर ने लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत कक्षा एक में प्रवेश लेने वाली पात्र छात्राओं के लिए आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने योजना के अंतर्गत छात्राओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की विस्तृत जानकारी भी दी। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। यूसीईईओ गंगापुर राजकुमार उपाध्याय, संदर्भ व्यक्ति विजयसिंह गुर्जर, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल पिपलाई के प्रधानाचार्य मधुसूदन शर्मा और प्रधानाचार्य मंजू गुप्ता सहित मंचासीन अतिथियों ने सरस्वती के चित्र पर तिलक लगाकर और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला में दोनों ब्लॉकों के शिक्षा अधिकारियों ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उपयोगी सुझाव साझा किए।

बिरसा मुंडा प्रतिमा पर दीपोत्सव होगा

करौली । करौली जिले में भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती की तैयारी को लेकर कहा कि बिरसा मुंडा प्रतिमा की साफ सफाई और देखरेख की जाएगी एवं 13 व 14 एवं 15 नवंबर को दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

जिसको लेकर सोमवार को यहां के सर्किट हाउस में भाजपा के संभाग प्रभारी हेमराज मीणा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संठाम के उन महानायकों में से एक थे जिन्होंने अपने अल्प जीवन में ब्रिटिश औपनिवेशक सत्ता और सामठी शोषण के विरुद्ध आदिवासी समाज को संगठित किया उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि धार्मिक सामाजिक सुधारक और आदिवासी संस्कृति के संरक्षक व प्रेरणा स्त्रोत भी थे इस क्रांतिकारी व्यक्तित्व ने न केवल आदिवासी समाज को एक नई चेतना दी बल्कि पूरे भारतवर्ष को स्वतंत्रता संठाम की प्रेरणा भी प्रदान की इस मौके पर सांसद प्रत्याशी हिंदू देवी जाटव पूर्व जिला अध्यक्ष बृजलाल टिकुलिया पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंगल जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला जिला उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह सोशल मीडिया जिला संयोजक मुकेश सोनी जिला कार्यालय मंत्री गोपाल शर्मा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रामेंद्र सिंह धर्मेंद्र सिंह जादौन आदि उपस्थित थे।

युवक की मौत

गंगापुर सिटी । सोमवार रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना शहर के तीन पुलिया के पास हुई। पुलिस ने शव को जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है और उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि को एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना मिलने पर रेलवे जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की सहायता से राजकीय जिला चिकित्सालय गंगापुर सिटी भिजवाया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटनास्थल जीआरपी थाना क्षेत्र में नहीं आने के कारण कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई की। थाना प्रभारी करण सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष है। मृतक ने सफेद टी-शर्ट और काले रंग का पजामा पहन रखा था।

'गांव-गांव में मोतियाबिंद को खत्म करना है'

सूरौठ। जीवन ज्योति फांउण्डेशन के तत्त्वावधान में निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया । फाउण्डेशन के मीडिया प्रभारी मदन मोहन भास्कर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सूरौठ थानाधिकारी नोवेल सैनी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नोवेल सैनी ने कहा कि जीवन ज्योति फाउंडेशन विगत कई वर्षों से जिले सहित राज्य भर में बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। फ़ाउंडेशन की तारीफ शब्दों में बयान नहीं की जा सकती है इनका कार्य बहुत ही काबिलेतारीफ व सराहनीय है। टीम द्वारा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्तदान, रोटी बैंक के भोजन वितरण, निःशुल्क नेत्र जाँच व चिकित्सा शिविर, वस्त्र वितरण, शीतल जल प्याऊ आदि माध्यमों से कार्य कर रही है, जो बेहद पुण्य का कार्य है। शिविर प्रभारी असलम खान और मुकेश शर्मा बताया कि नेत्र चिकित्सा व जांच शिविर में लगाकर क्षेत्र के जरूरत मन्द मरीजों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहे है। फाउंडेशन का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक पंचायत स्तर, गांव गांव, ढाणी ढाणी में जाकर जिले से मोतियाबिंद को खत्म करना है। जिले को मोतियाबिन्द मुक्त जिला बनाया है।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नंद मोहन सुमन ने बताया कि शिविर में 127 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ जिसमें से 124 मरीजों को चिकित्सा परामर्श दिया गया। 33 रोगी मोतियाबिंद बीमारी से ठासित पाये गये। इसमें 8 वर्ष का एक बालक भी मोतियाबिंद पाया गया। जिसका ऑपरेशन पूर्व सांसद मनोज राजोरिया द्वारा उपलब्ध कराई जीवन रक्षा एम्बुलेंस से जयपुर ले जाकर ऑपरेशन किया जायेगा। इस अवसर पर टीम के संचालक ओमप्रकाश डागुर,घनश्याम शर्मा, रमेश सिंघल,ब्रजेश शर्मा,ओमप्रकाश आर्य,विश्राम मीणा, मनीष जिंदल, असलम खान,मुकेश शर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

'जमाबंदी ऑन लाइन की जाये'

करौली । करौली जिला मुख्यालय स्थित शहर एवं जिले के प्रमुख तीर्थ स्थल कैलादेवी का राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी एवं नक्शा ऑनलाइन राजस्थान पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके लिए भाजपाइयों ने गृह राज्य मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेडम को ज्ञापन सौंप कर करौली और कैलादेवी की जमाबंदी एवं नक्शा ऑनलाइन राजस्थान पोर्टल पर उपलब्ध करवाने की मांग की। इस प्रशासन की अनदेखी माने या लापरवाही माने करौली जिला मुख्यालय स्थित शहर और केला देवी कस्बा की जमाबंदी और नक्शा ऑनलाइन राजस्थान पोर्टल से ही गायब है जिसके लिए लोग भारी परेशानी से जूझ रहे हैं ।

समाज उपयोगी उत्पादक कार्य शिविर का समारोहपूर्वक उद्घाटन

हिंडौन सिटी। शहर के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में समाज उपयोगी उत्पादक कार्य शिविर का उद्घाटन समारोह पूर्वक संपन्न हुआ।कक्षा छह से दस के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस पाँच दिवसीय शिविर में मुख्य अतिथि वृत्त अधिकारी हिंडौन महेंद्र चौधरी रहे तथा शिविराधिपति के रूप में प्रधानाचार्य गजेन्द्र शर्मा ने उद्घाटन की विधिवत घोषणा की।मुख्य अतिथियों द्वारा शिविर का ध्वजारोहण किया गया।

शिविर प्रभारी पूनम पचौरी ने बताया कि उपप्राचार्य सुनील कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ व्याख्याता रामजीलाल कोली के संयोजन में संचालित शिविर में आगामी पाँच दिवस में विद्यार्थियों को अनुपयोगी सामान से उपयोगी सामठी तैयार करना सिखाया जाएगा तथा रचनात्मक कार्य करवाए जाएंगे।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि वृत्त अधिकारी हिंडौन महेंद्र सिंह चौधरी ने साइबर सुरक्षा, यातायात सुरक्षा, नशा मुक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उपयोगी हेल्पलाइन नंबर साझा किए। प्रधानाचार्य गजेन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न रचनात्मक कार्य एवं कौशल विकास से जुडने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।मंच संचालन व्याख्याता कृष्ण बिहारी पाठक ने किया।

सुरेंद्र शर्मा का सम्मान

सवाईमाधोपुर । अखिल भारतवर्षिय श्री गुर्जर गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रांतीय संयोजक विशाल शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कोटा स्थित गौतम वाटिका दादा बाड़ी में सोमवार को सवाईमाधोपुर निवासी सुरेंद्र शर्मा को महासभा के वापस सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनाये मनोनीत होने पर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर विशाल जी शर्मा प्रांतीय संयोजक, जगमोहन जी गौतम, कुंज बिहारी जी गौतम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संजय जी गौतम संभागीय अध्यक्ष, प्रवीण पंचोली संभागीय महामंत्री, टीकम जी पंचोली जिला अध्यक्ष कोटा, श्याम बिहारी जी गौतम अध्यक्ष गौतम समाज दादावाड़ी, रमेश जी गौतम महामंत्री गौतम समाज दादावाड़ी, दिनेश जी गौतम जिला उपाध्यक्ष, राजेश दुबे जिला मीडिया प्रभारी, रामचंद्र जी गौतम वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्याम लाल जी गौतम सत्यनारायण जी गौतम राजेंद्र मोहन जी गौतम दिनेश जी दुबे उपस्थित रहे।

IFFCO किसान भाइयों से अपील

किसान भाइयों, इफको के उन्नत नैनो उत्पाद—नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, आदि—किसी दबाव या अनुचित टैगिंग के प्रभाव में न खरीदें। स्वेच्छा से खरीदें; दबाव डालने पर तुरंत इफको के क्षेत्रीय अधिकारी या जिला कृषि अधिकारी को शिकायत करें या फिर दिए गए टोल फ्री नंबर पर कॉल करें। आपकी सतर्कता हमारी साझा समृद्धि सुनिश्चित करती है। हम सूचित करते हैं की यदि कोई भी विक्रेता सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ टैगिंग करते हुए पाया गया तो इफको उसके साथ सभी प्रकार के व्यवसायिक संबंध समाप्त कर देगी और कड़ी कार्यवाही करेगी।

टोल फ्री न. : 1800 103 1967

मुख्य प्रबंधक जनसम्पर्क

उमंग सी एल एफ राजीविका करौली
बागडी हॉस्पीटल के पीछे मीणा कॉलोनी करौली
क्रमांक-104 दिनांक-10.11.2025

भर्ती विज्ञापन

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद द्वारा क्रमोन्नत निम्न सी एल एफ (ब्लाक करौली) में बेसिस आधारित निम्न अस्थाई पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है। ब्लाक करौली उमंग सी एल एफ करौली कलस्टर कोर्डिनेटर 01 पद लेखपाल, 01 पद ए आर पी, 01 पद चंद्रमुखी सीएलएफ गूनेसरा कलस्टर मैनेजर, 01 पद कलस्टर कोर्डिनेटर, 01 पद अस्थाई पदों के लिए लिए आवेदन पत्र दिनांक 10.11.2025 से दिनांक 20.11.2025 दोपहर 1.00 बजे तक उमंग सीएलएफ बागडी हॉस्पीटल के पीछे मीणा कॉलोनी गुलाब बाग कारौली में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन शुल्क 200 रूपया दौ सौ रूपया है। योग्यता एवं भर्ती शर्तो की विस्तृत जानकारी उमंग सीएलएफ राजीविका करौली में देखी जा सकती है। अथवा मो.नं. 93587-85218 व 8000133409 पर प्राप्त की जा सकती है।

उमंग सीएलएफ करौली

सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए

गंगापुर सिटी । मंगलवार को नगर परिषद द्वारा वंदे मातरम 150 और स्वदेश संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में प्रभात फेरी, श्रमदान, स्वच्छता शपथ, सार्वजनिक स्थानों का सौंदर्यीकरण तथा स्मारकों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करना शामिल था। इसी अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गंगापुर सिटी में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर गोपाल धामोनिया ने विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक पर्यावरण और मानव जीवन दोनों के लिए हानिकारक है और इसके उपयोग को कम करना समय की मांग है। धामोनिया ने छात्रों से दैनिक जीवन में प्लास्टिक के बजाय कागज और कपड़े के थैलों का उपयोग करने का आग्रह किया।

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

RISING RAJASTHAN

जयपुर की प्राइम लोकेशन
जगतपुरा के रीको अपैरल पार्क में
व्यवसायिक भूखंड की ई-नीलामी

भूखंड विवरण
भूखंड संख्या- SPL-5 • मेन 200 फीट
महल रोड पर (कॉर्नर प्लॉट)
क्षेत्रफल 5780 वर्ग मीटर



ईएमडी
प्रारम्भ तिथि : 13 नवम्बर, 2025 (प्रातः 10 बजे)
अंतिम तिथि : 27 नवम्बर, 2025 (सायं 6 बजे)

ऑनलाइन बिड
प्रारम्भ तिथि : 28 नवम्बर, 2025 (प्रातः 10 बजे)
अंतिम तिथि : 02 दिसम्बर, 2025 (सायं 5 बजे)

आरक्षित मूल्य
₹2,15,000
प्रति वर्ग मीटर

आवेदन के लिए स्कैन करें

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

विशेष शर्त: 20% बिल्ट-अप एरिया को GCC/IT/Co-working स्पेस के लिए 20 वर्ष तक किराए/लीज़ पर देना आवश्यक

राज.संवाद/नी/25/13573

राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005 • ई-नीलामी हैल्पलाइन - 0141 4593250, 4593237
वाट्सएप - 90013 06515 | riico.rajasthan.gov.in

शिविर में 450 से अधिक मरीजों की जांच

गंगापुर सिटी । मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति गंगापुर सिटी एवं सीपी हॉस्पीटल के सहयोग से करणपुर स्थित मां गुमानो यात्री निवास गंगापुर सिटी वालो की धर्मशाला में निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ समिति अध्यक्ष महेश शर्मा, महामंत्री गोपाल सोनी, मंत्री नरेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष ब्रहमानंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्याम बाबू गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष दिनेश धौलेटा, हरकेश शर्मा पटवारी, रमेश गुप्ता, कुलदीप बना, अंकित शर्मा, पीआरओ संजय गुप्ता, पूर्व सरपंच रूपचंद गुप्ता, रमेश दीक्षित, मुकेश गुप्ता, अवनीश शर्मा ने मां गुमानो बीजासणी देवी के समझ दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में साढे 4 सौ से अधिक मरीजो ने विशेषज्ञ चिकित्सको को दिखा कर चिकित्सीय परामर्श लिया एवं इस दौरान मरीजो की निशुल्क जांच भी की गई।

दिव्यांग सहायता शिविर शुक्रवार को

गंगापुर सिटी । लायंस क्लब सार्थक, भारत सेवा ट्रस्ट, भारत सेवा संस्थान और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 14 से 16 नवंबर तक निशुल्क दिव्यांगजन सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा भेजी गई सहायता सामग्री गंगापुर सिटी पहुंचना शुरू हो गई है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मुकेश गर्ग ने बताया कि 15 ट्रक से सामग्री आनी है, जिनकी अनलोडिंग अगले दो-तीन दिनों में पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद सामग्री को स्टेशन रोड स्थित रामशाला मैरिज हॉल, शिविर स्थल पर पहुंचाया जाएगा।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?

जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in